रेल वन फोर्स एंड आयरन डिप्लोमेसी

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड से ट्रेन द्वारा **[कीव]** पहुँचे, इस ट्रेन का नाम **"रेल फोर्स वन"** था।

- **रेल फोर्स वन यूक्रेन के आयरन डिप्लोमेसी नामक कार्यक्रम का एक हिस्सा है।**
- **आयरन डिप्लोमेसी का तात्पर्य वर्ष 2022 में** [यूक्रेन-रूस संघर्ष] **की शुरुआत के बाद से पोलैंड से** [यूक्रेन] **तक रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नेताओं को स्थानांतरित करने की प्रथा से है।**
- यह ट्रेन सरकारी स्वामित्व वाली **यूक्रेनी रेलवे या उक्रज़ालज़िनित्सिया** द्वारा संचालित की जाती है। इसका रंग **नीला और पीला** है, जो यूक्रेन के झंडे का रंग है।
- यह ट्रेन **पोलैंड के प्रेज़ेमिस्ल से कीव तक** लगभग **700 किलोमीटर** दक्षिण-पूर्व की यात्रा करती है और यूक्रेनी ग्रामीण इलाकों से लगभग **10 घंटे** का समय लेती है।
- इस ट्रेन का उपयोग पूर्व ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन, फ्राँस के राष्ट्रपति मैक्रॉन, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के साथ-साथ बाइडेन और पीएम मोदी जैसे नेताओं द्वारा किया गया है।

और पढ़ें: [भारत के प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा], [यूक्रेन "पाथ टू पीस" शिखर सम्मेलन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rail-one-force-and-iron-diplomacy